प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात
दिनांक- 17.09.2025

- **थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा चोरों की धर पकड़ अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए डीजल/पेट्रोल चोरी करने वाले 02 नफर अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्तगण के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अदद कार, लगभग 100 लीटर पेट्रोल एवं ₹ 29,500/- नकद सहित चोरी करने के उपकरण बरामद।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना भोगनीपुर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए दिनांक 17.09.2025 को मुखबिर खास की सूचना पर थाना भोगनीपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पिपरी के सामने, अमरौधा मोड से डीजल/पेट्रोल चोरी करने वाले 02 नफर अभियुक्तगण 1. इमरान पुत्र अब्दुल शमद निवासी आजाद नगर, अमरौधा थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात, 2. अल्ताफ पुत्र नजर मोहम्मद निवासी आजाद नगर अमरौधा थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात को मय घटना में प्रयुक्त एक अदद कार, लगभग 100 लीटर पेट्रोल सहित चोरी करने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया व एक नफर अभियुक्त आफताफ पुत्र नजर मोहम्मद निवासी आजाद नगर अमरौधा थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना भोगनीपुर पर मु0अ0सं0 309/2025 धारा 317(2)/317(4)/317(5) बीएनएस पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

पूछताछ विवरणः-

पूछताछ करने पर अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि हम लोग ढाबा या रास्ते में खडी गाडियों/ट्रकों के बगल में अपनी कार को खडी कर देते हैं फिर हम लोगों में से दो लोग रेकी करते हैं कि ड्राइवर किधर है और इसी बीच मौका पाकर टंकी का ढक्कन तोड़कर हम लोग डीजल/पेट्रोल निकाल कर चोरी करते हैं और राह चलते लोगों को बेच देते हैं तथा बचे हुये डीजल/ पेट्रोल को अल्ताफ के आहते में रख देते थे पिछली रात भी हम तीनों लोग एक साथ चार पहिया गाडी से चोरी किये हुए 50 लीटर पेट्रोल को बेचने के लिए अमरौधा मोड़ पर खडे थे तथा अन्य गाडियो से तेल चुराने के लिए सही समय का इन्तजार कर रहे थे कि तभी पुलिस आ गयी थी। आफताफ पुत्र नजर मोहम्मद निवासी आजाद नगर अमरौधा थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात गाडी के बाहर खडा था व पुलिस को देखकर भाग गया और हम दोनों लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम-पता-

1.इमरान पुत्र अब्दुल शमद उम्र करीब 32 वर्ष निवासी आजाद नगर अमरौधा, थाना भोगनीपुर, जनपद कानपुर देहात।
2.अल्ताफ पुत्र नजर मोहम्मद उम्र करीब 45 वर्ष निवासी आजाद नगर अमरौधा, थाना भोगनीपुर, जनपद कानपुर देहात।

बरामदगी का विवरणः-

एक अदद कार सं0 UP78 BQ1234, 02 अदद नीले रंग कैन में करीब 100 लीटर पेट्रोल, 05 अदद 50-50 लीटर की खाली कैन, 02 अदद 20-20 लीटर की खाली कैन, 02 अदद प्लास्टिक का कीप, 03 अदद पेट्रोल/ डीजल निकालने का पाइप, 02 अदद पाना, 02 अदद रिन्च, 02 अदद विशेष प्रकार की चाबी, 03 अदद मोबाइल फोन एवं जामा तलाशी से बरामद नगद 29,500/-रुपये।

अभियुक्त इमरान उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-

मु0अ0सं0 309/2025 धारा 317(2)/317(4)/317(5) BNS थाना भोगनीपुर, जनपद कानपुर देहात।

अभियुक्त अल्ताफ उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 309/2025 धारा 317(2)/317(4)/317(5) BNS थाना भोगनीपुर, जनपद कानपुर देहात,
2. मु0अ0सं0 432/2018 धारा 135 भारतीय विद्युत अधि0 थाना भोगनीपुर, जनपद कानपुर देहात,
3. मु0अ0सं0 59/2014 धारा 3/8 गोवध अधि0 थाना भोगनीपुर, जनपद कानपुर देहात।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

थाना भोगनीपुर पुलिस